8 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/8/2024 9:41 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



3 सड़क के गड्ढों से राहगीर परेशान करदना मार्ग की हालत दयनीय




## खबर संक्षेप

### लापरवाह हेड मास्टर का विरोध होने पर डीईओ ने किया तबादला

**बिश्रामपुर।** कार्य के प्रति लापरवाह प्रधान पाठक को ग्रामीणों के विरोध करने उपरांत डीईओ सूरजपुर द्वारा हेड मास्टर का अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बतरा के शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ हेड मास्टर मोहम्मद इंतकाम खान पर पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया था, जिस पर उक्त हेड मास्टर को सूरजपुर डीईओ द्वारा निलंबित कर दिया गया था। इसके पश्चात मनमानी तरीके से उक्त लापरवाह हेड मास्टर को पुनः 19 दिसंबर 2023 को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ किया गया था। दूसरी बार पुनः उक्त विद्यालय में लापरवाह हेड मास्टर को पदस्थ किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर व सूरजपुर डीईओ को ज्ञापन देकर उक्त हेड मास्टर को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई थी। साथ ही मांग पूर्ण न होने पर क्लेक्ट्रेरट का घेराव कर आंदोलन की बात की गई थी। जिस पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सूरजपुर डीईओ द्वारा सोमवार को संशोधन आदेश जारी करते हुए लापरवाह हेड मास्टर को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा से शासकीय प्राथमिक शाला खुटरापारा (डबरीपारा) में पदस्थ कर दिया है।

### पीएम जनमन योजना के तहत महा अभियान 9 से

**बलरामपुर।** भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान(पीएम जनमन) योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए नए रास्ते खुले हैं। अब उनके घर और बस्ती के समीप शासन, प्रशासन की पहुंच त्वरित समस्याओं का समाधान होगा। इस योजना के तहत कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड बलरामपुर, राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी के पहाड़ी कोरवा (पीवीटीजी) हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान सम्मान निधि, वन अधिकार पट्टा इत्यादि बनाए जाने के लिए 9 से 10 जनवरी तक महाभियान आयोजित किया जाएगा।

### बेटे ने की मां के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम बुलगांव निवासी 65 वर्षीया सुखमतिया अगरिया पति स्व. चन्द्रिका अगरिया 1 जनवरी को अपनी मां को देखने के लिए गांव गई थी और शाम लगभग 6 बजे वापस घर लौटी। इस दौरान वृद्धा का पुत्र मुखलाल आगरिया घर के पास खड़ा था और मां को फिर से शराब पीकर आने की बात कहते हुए उसके साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। पुत्र ने मां को जमीन पर पटककर उसके सीने पर लात से मारना शुरू कर दिया। जब महिला ने शोर मचाया तो नाली व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान आरोपी ने मां को उपचार कराने का आश्वासन दिया था लेकिन जब उसने उपचार कराने से इनकार कर दिया तो महिला ने अपने बेटे के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में बढ़ाया कार्यकर्ताओं का उत्साह, कहा-अब सभी 11 लोकसभा सीटें देना है जीतकर

# चुनाव में सरगुजा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया लेकिन अब चुनौती लोकसभा की : विष्णु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कांग्रेस ने विरासत में दिया खाली खजाना : मुख्यमंत्री

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव हमने जीत दर्ज की और कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया लेकिन अब चुनौती लोकसभा चुनाव की है। लोकसभा चुनाव में हमें सभी 11 सीटें जीतकर पार्टी को देना है। आज का यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कार्यक्रम है। सरगुजा संभाग के कार्यकर्ता जिन्होंने संभाग को कांग्रेस मुक्त कर14 सीट जीत दिलाई। चुनाव में बड़े बड़े सूरमा पटखनी खा गए, सीतापुर जैसे क्षेत्र में हमने जीत दर्ज की। हम ऐसे देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार धन्यवाद करते है। सीएम श्री साय आज पीजी कॉलेज स्थित हॉकी स्टेडियम मैदान में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के मेहनत की सराहना करने के साथ ही लोकसभा चुनाव का का आगाज करते हुए उन्होंने कहा कि ओम माथुर भी संगठन के शिल्पी है। वे जिस भी प्रदेश में जाते है वहां भाजपा की सरकार बनती है। छत्तीसगढ़ की क्या स्थिति थी यह सभी को पता है, कांग्रेस अति उत्साह में थी और भाजपा को कहीं गिनती में भी नहीं मान रही थी लेकिन ओम माथुर ने कहा था कि सरकार बनेगी। जब वो बोलते थे तो विश्वास थोड़ा कम होता था कि कैसे सरकार बेनगी लेकिन उन्होंने उत्साह बढ़ाया। टीम भावना से काम कर कार्यकर्ताओं ने 54 सीट जीतकर सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार ने 25 दिनों में ही कई महत्वपूर्ण निर्णय ले चुकी है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत जो वादा किया था उसे पूर्ण करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने गरीबों का हक छीना था लेकिन अब हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में 18 लाख परिवारों को आवास देने का वादा पूरा किया। चुनाव में 2 साल का बोनस देने का वादा किया था। हम अपनी पिछली सरकार में 2 साल का बोनस नहीं दे पाए थे लेकिन मोदी की गारंटी में 25 दिसम्बर को 12 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में राशि जारी की गई। पीएससी में घोटाला कर प्रदेश के बेटे बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। मोदी जी ने कहा था कि इसकी जांच कराई जाएगी और आज गौरव के साथ कह रहे है कि पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। घोटाला करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई होगी। किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी हो रही है व 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल देने की बात हुई है। हालांकि विरासत में खजाना खाली मिला है लेकिन किसानों को हम निराश नहीं करेंगे और अंतर की राशि एकमुश्त जारी की जाएगी। महतारी वंदन योजना का वादा अनुपूरक बजट में पूरा किया गया है जल्द ही राशि जाएगी। तेंदूपत्ता की खरीदी घोषणा के अनुसार होगी। उज्वला गैस कनेक्शन के तहत 5 सौ में गैस सिलेंडर देने का काम सरकार करेगी। मोदी की गारंटी में जो वादा जनता से किया है सभी वादे अगले पांच साल में पूरा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि सरगुजा की सभी 14 सीट जिताने वाले कार्यकर्ताओं को मेरा नमन है। छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार, अनाचार का गढ़ कांग्रेस सरकार ने बना दिया था। केंद्र की योजनाओं को 5 साल तक रोक के रखा था, हमारे कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर कहा हम इसे पूरा करेंगे। 2 वर्ष की बोनस राशि देंगे और कई भरोसा जनता को दिलाया। कार्यकर्ताओं और मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता यही ऊर्जा, कर्मठता, निष्ठा लगातार बनाए रखिए अभी कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव आने को है। हमें छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट जिताकर देना है यह प्रण हम सभी को लेना है, बड़ी मार्जिन से जिताकर दिल्ली में हम छत्तीसगढ़ से अपना सांसद भेजेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, संभागीय संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन सूरज पुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने किया। सम्मेलन में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज,श्रीमती गोमती साय, रामकुमार टोप्पो, श्रीमती रायमुनी भगत, श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, भूलन सिंह मरावी सहित भैय्या लाल राजवाड़े, सिद्धनाथ पैकरा, सरगुजा भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, बलरामपुर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल सहित हजारों भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।



कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते सीएम, डिप्टी सीएम व अन्य।

### रामकुमार ने हाथी को मार दिया

कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि सरगुजा में सीतापुर विधानसभा सीट जिसे हम आजादी के बाद से नहीं जीते थे वीआरएस लेकर आए रामकुमार टोप्पो ने यहां धमाकेदार जीत हासिल करते हुए हाथी को मार दिया। श्री माथुर ने कहा कि सरगुजा में बड़े-बड़े सुरमा निपट गए यह सब कार्यकर्ताओं की बदौलत हुआ। भाजपा की ताकत कार्यकर्ता ही है इन्हीं के दम पर भाजपा जीती है मैं इनको नमन और प्रणाम करता हूं।

### हमने बिना मांगे मुख्यमंत्री दिया

प्रभारी श्री माथुर ने कहा कि एक ने ढाई-ढाई साल में धोखा दिया हमने सरगुजा के लाल को मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि एक पहले था जो समझौता करके 5 साल बैठ गया और माफी मांगता रहा। दुसरे ने ढाई ढाई साल के नाम पर धोखा दिया। हमने सरगुजा के लाल को मुख्यमंत्री बनकर आपके बीच खड़ा किया।

### पृथ्वी पर जब भी संकट आया विष्णु ने ही उबारा है :माथुर

कार्यकर्ता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठन प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सबको नमन, मेरी लाज रखी। आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता प्रणाम के पात्र हैं। पहली बार सरगुजा में 14 सीट और छत्तीसगढ़ में 54 सीट भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिताया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मजाक उड़ाते थे तब मैंने उनसे कहा था कि दौड़ लगा दीजिए पीछे रहा तो बात करना। मेरी दौड़ लाखों कार्यकर्ताओं की दौड़ है और इस दौड़ में हम जीत दर्ज किए। श्री माथुर ने छत्तीसगढ़ को पूर्व की कांग्रेस सरकार ने पूरी तरह से संकट में डाल दिया था। पृथ्वी पर जब भी संकट आया था भगवान विष्णु ने उससे उबारने का काम किया था, इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव यहां की जनता को संकट से उबारेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं ना सोऊंगा ना आपको सोने दूंगा, मैं ना ही थकूंगा ना आपको थकने दूंगा। हमें छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट जीतने के लिए काम करना है, कोई भी कार्यकर्ता अपने बूथ से नहीं हटेगा, सभी अपने बूथ में काम करेंगे।

### महामाया मंदिर में की पूजा अर्चना

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित ओम माथुर, किरण सिंह देव और रामप्रताप सिंह का आज दरिमा स्थित एयरपोर्ट पर विधायक, कार्यकर्ताओं के साथ ही अधिकारियों ने स्वागत किया। सीएम, डिप्टी सीएम व अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होने से पहले महामाया मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश और देश की तरक्की, शांति और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।



# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड





- इलिसिबा तिर्की, अथर्व प्रताप सिंह व श्रेयांस सोनी ने हासिल किया स्वर्ण पदक

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिले से बास्केटबॉल के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है। बता दें कि राजनांदगांव में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 जनवरी तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सरगुजा बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ी अथर्व प्रताप सिंह, श्रेयांस सोनी व इलिसिबा तिर्की सम्मिलित हुए थे। प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया है और बेहतर प्रदर्शन कर मेडल हासिल किए है। राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान सब जूनियर के बालक वर्ग से अथर्व प्रताप सिंह व श्रेयांस सोनी ने गोल्ड मेडल व जूनियर अंडर 17 आयुवर्ग से बास्केटबॉल राष्ट्रीय प्रत्योगिता में बालिका वर्ग से कुमारी इलिसिबा तिर्की ने गोल्ड मेडल जीता है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले से सब जुनियर वर्ग व जुनियर वर्ग में सरगुजा जिला स्थानीय प्रतिभा गोल्ड मेडल जीत कर सरगुजा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ 20 वर्षो से शहर व आसपास के बच्चों को निः शुल्क बास्केटबाल का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं साथ ही खिलाड़ियों को संघ की ओर से ड्रेस व जूते निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे है। इसके साथ ही संघ संघ लंबे समय से सरगुजा जिला में अंतरराष्ट्रीय मानक के ग्राउण्ड की मांग करते आ रहा है। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ियों के गोल्ड मेडल जीतने पर संघ के संरक्षक अनिल सिंह मेजर, अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, डीके सोनी, गौरव सिंह, केपी सिंह, धनेश प्रताप सिंह, दीपक सोनी, विजय सिंह, वेदांत तिवारी, रघुनाथ मुखर्जी, सौरभ सिन्हा, अभिमन्यु सिंह, गौरव सोनी, रजत सिंह, आबिद हुसैन, खुशबू गुप्ता, प्रियंका पैकरा, प्रिया जायसवाल, प्रज्ञा मिश्रा सहित संघ की ओर से खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

## कृषि मंत्री नेताम ने किया हरिभूमि के कैलेण्डर का विमोचन...



**अम्बिकापुर।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को सर्किट हाउस में हरिभूमि के कैलेण्डर का विमोचन किया। विमोचन उपरांत उन्होंने कैलेण्डर का अवलोकन किया तथा हरिभूमि की पहल को सराहा। इस दौरान बलरामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, लाइफलाइन हॉस्पीटल के संचालक विवेक दुबे, अनिल जायसवाल सहित भाजपा के अन्य नेता, कार्यकर्ता एवं हरिभूमि जिला कार्यालय के सभी सदस्य उपस्थित थे। फोटो : हरिभूमि

* **अम्बिकापुर।** जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरहट्टा निवासी बाबूलाल आ. स्व. बेसाहू सिंचाई के लिए खेत में सोलर पंप लगाया था। इसी बीच पिछले माह 25 दिसंबर की रात चोरों ने पंप को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब बाबूलाल खेत गया तो देखा पंप गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब पंप कर पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# तातापानी में मेला स्थल पर दुकान लगाने चले लाठी डंडे

- घटना का वीडियो हो रहा वायरल

**रामानुजगंज।** तातापानी महोत्सव के दौरान लगने वाले मेले में दुकान लगाने को लेकर मची होड़ के बीच अब मारपीट की नौबत आ गई है। व्यवसायी मेला स्थल पर पसदंदीदा स्थान पर दुकान लगाने को लेकर लाठी डंडा चलाने पर उतारू हो गए है। आलम यह है कि दुकान को लेकर दो गुटों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। बता दें कि मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में भव्य मेला व महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन व आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे महोत्सव को लेकर तैयारियां चल रही है। 14 से 16 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर मेला स्थल पर दुकानों के आबंटन का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान

तातापानी मेले में दुकान लगाने को लेकर कुछ दुकानदारों के बीच अचानक विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत तक पहुंच गई और जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि विवाद के दौरान मारपीट में कई लोग घायल भी हुए लेकिन अब तक इस मामले में पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



### नहीं मिली है शिकायत

तातापानी मेला स्थल पर दुकान आबंटन के दौरान दुकानदारों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पुलिस टीम पहुंची थी परंतु वहां कोई नहीं था और न ही किसी पक्ष से शिकायत की गई है।

-हिम्मत सिंह
चौकी प्रभारी तातापानी

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर दिया जोर

# मरीजों के प्रति रखें संवेदनशील व्यवहार और सेवा भाव से करें इलाज : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महीनों से रुके हुए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भवन निर्माण, एमआरआई मशीन सहित अन्य प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा करने के साथ ही शासन स्तर पर बातों को रखने का आश्वासन दिया। दरअसल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल आज पहली बार सरगुजा पहुंचे थे। सीएम कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मंत्री सीधे मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भर्ती से मरीजों से बात की और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी सीधे मरीजों से ली। उन्होंने ओपीडी 'जीयन काउंटर, आईसीयू, ट्रॉमा सेंटर, सहित विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया जहां उन्होंने मेडिकल के छात्र छात्राओं से मेडिकल लैब में सीधे मुलाकात की और पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और चिकित्सालय प्रबंधन की बैठक ली। बैठक में डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. रमणेश मूर्ति, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. पीएस सिसोदिया और सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता ने जिले में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, संसाधनों की उपलब्धता, कोविड प्रबंधन की तैयारी और मानव संसाधन की जानकारी दी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि चिकित्सालयों में स्वच्छता सुनिश्चित करें, इसके लिए शौचालयों में आवश्यक सुधार, पानी को व्यवस्था, तथा अनावश्यक या खराब सामग्री को परिसर से हटाएं। जिससे आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल परिसर में अच्छी अनुभूति हो। उन्होंने ड्रोन के माध्यम से दवाइयों की आपूर्ति के पायलट प्रोजेक्ट हेतु सरगुजा के चयन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार रखें जिससे उन्हें और उनके परिजनों को बेहतर वातावरण मिले। सेवा भाव के साथ मरीजों का इलाज करें। उन्होंने कहा कि आपात ड्यूटी पर कार्यरत डॉक्टर एवं नर्स निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिससे मरीजों को किसी तरह की असुविधा या परेशानी ना हो। बैठक के दौरान अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो सहित जनप्रतिनिधि एवं चिकित्सकीय टीम मौजूद रही।


8- Jan Coriya bhoomi pg 2_Layout 1 1/8/2024 8:22 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बेहद खुबसूरत अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन नहीं रही, फैंस हुए उदास



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था। कैडीशैक के अलावा सिंडी मॉर्गन ट्रॉन और फाल्कन क्रेस्ट जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका के लिए भी जानी जाती थीं। सिंडी मॉर्गन 80 और 90 के दशक की शुरुआत में कई टीवी श्रृंखलाओं में भी नजर आईं, जिनमें 'ब्रिंग', 'एम बैक अलाइव', 'हवाईयन हीट', 'मास्करेड', 'द फॉल गाइ', 'टफ कुकीज', 'बेवर्ली हिल्स बंट्ज', 'फाल्कन क्रेस्ट', 'मैटलॉक', 'मैनकुसो', 'एफबीआई', 'हंटर' और 'द लैरी सैंडर्स शो' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 1985 में आई 'द मिडनाइट' ऑवर', 'सोलोमन यूनिवर्स', 1995 की 'डेड वीकेंड', 'अमांडा एंड द एलियन' और 'आउट' जैसी टीवी फिल्मों में भी काम किया। 'कैडीशैक' और 'ट्रॉन' के साथ मॉर्गन के फिल्म क्रेडिट में 1979 की 'अप योर्स', 1995 की 'गैलेक्सिस' और 2006 की 'ओपन माइकर्स' शामिल हैं। उन्होंने आखिरी बार 2022 में आई इंडी फिल्म 'फेस ऑफ द ट्रिनिटी' में मेसन की मां को आवाज दी। अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में 'कैडीशैक' के लिए ऑडिशन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'कैडीशैक मेरी पहली फिल्म थी और मैं कहूंगी कि अंतिम प्रोडक्ट बिल्कुल अलग था। यह मूल रूप से कैडीज के बारे में था, इसलिए पहले मेरे पास करने के लिए कुछ भी नहीं था। पहले मैं ऑडिशन में हार गई। यह मजेदार था।'

### टॉलीवुड

## मुश्किलों में आई विग्नेश शिवन की फिल्म, नाम को लेकर आपत्ति



**चेन्नई।** फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन की फिल्म एलआईसी (लव इंश्योरेंस कॉरपोरेशन) को कथित तौर पर इसके शीर्षक उपयोग को लेकर बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम से नोटिस मिला है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार नोटिस में कहा गया है कि बीमा कंपनी नहीं चाहती कि फिल्म की टीम इसके शीर्षक के साथ आगे बढ़े। बताया जा रहा है कि नोटिस में यह भी कहा गया है कि अगर मेकर्स अगले सात दिनों के भीतर फिल्म का नाम नहीं बदलते हैं तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल विग्नेश और टीम ने अभी तक इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। लव इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन में अभिनेता और फिल्म निर्माता प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में एसजे सूर्या भी महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। इसकी घोषणा पिछले साल दिसंबर में की गई थी। विग्नेश ने मुहर्त की तस्वीरें साझा की थीं। साथ ही, कैप्शन में उन्होंने भगवान और पूरे ब्रह्मांड को धन्यवाद दिया था। एलआईसी में विगेश शिवन, प्रदीप और कृति एक साथ पहली बार काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण सेवन स्क्रीन स्टूडियो और राउडी पिक्चर्स की ओर से किया जा रहा है। फिल्म का संगीत लोकप्रिय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया जा रहा है, जो पहले भी कई बार शिवन के साथ काम कर चुके हैं। वहीं, इसके छायांकन की जिम्मेदारी रवि वर्मन के पास है।

### छॉलीवुड

## 'हण्डा' में दिखेगा अमलेश का अभिनय, लेखन और निर्देशन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर यूट्यूबर अमलेश नागेश इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। हाल ही में उनकी फिल्म 'गुईयां' ने दर्शकों के बीच पैठ बनाई। अब नए साल में अमलेश नागेश का 'भैरा कका' के अवतार में 'हण्डा' का पोस्टर धूम मचा रहा है। एन माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर में बन रही 'हण्डा' में अमलेश नागेश न सिर्फ खास भूमिका में दिखेंगे बल्कि उन्होंने इस फिल्म में लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी निभाई है। नए साल पर निर्माता मोहित कुमार साहू ने सोशल मीडिया में भैरा कका 'हण्डा' का पोस्टर साझा करते हुए यह खुलासा किया है। छत्तीसगढ़िया सिनेमा के शो मैन सतीश जैन की ले सुरू होगे मया के कहानी में बतौर नायक काम कर चुके अमलेश नागेश अब उनकी अगली फिल्म मोर छइंहा भुंइया-2 में भी नजर आएंगे। यह फिल्म मई में रिलीज होने की संभावना है। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि 'हण्डा' को इस साल के अंत तक रिलीज होगी।




## पेरिस का जादू

पेरिस हाउते कॉउचर की खुमारी अभी उतरी नहीं है। यहां फैंस को दो विरोधी सीमाओं के बीच अदभुत संतुलन देखने मिला। एक विशाल चमकदार उत्सव में हार्मोनिक ओवरटोन के साथ खास डिजाइन फैंस को देखने मिले। डिजाइनर शिआपरेल्ली ने यहां अपने कुछ सबसे सनसनीखेज कलेक्शन का प्रदर्शन किया। सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाली काइली जेनर ने भी इवेंट में इनमें से एक परिधान पहना था। शो के समापन पर रॉबर्ट वुन की गॉथिक हाउते कॉउचर की शुरुआत ने समां बांध दिया।

## घर में रखी चीज़ों से साफ करें पैरों का कालापन



पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नीबूं के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग में होता है फर्क



जब हेयर ट्रीटमेंट की बात होती है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट और डीप कंडीशनिंग काफी पॉपुलर है। ये दोनों ही ट्रीटमेंट बालों को नरिश्ड करते हैं और उन्हें गहराई से पोषण देते हैं। जिससे बाल अधिक स्मूथ व सिल्की नजर आते हैं। अमूमन हम उन दोनों को एक ही समझते हैं, लेकिन वास्तव में वे दोनों अलग होते हैं। हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपके बालों को एक नरिशमेंट देता है और रूखेपन को कम करता है। जिसके कारण बालों के टूटने व स्प्लिट एंड्स की समस्या को काफी हद तक मैनेज किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हॉट ऑयल ट्रीटमेंट के कारण आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं। डीप कंडीशनिंग बालों की केयर करने का एक आसान तरीका है। यह बालों को गहराई से पोषण देने और उसे मॉइश्चराइज़ करने (हेयर केयर टिप्स) में मदद करता है। अगर आपके बाल रूखे, डैमेज्ड या फिर केमिकल ट्रीटेड है तो आपको डीप कंडीशनिंग का सहारा लेना चाहिए। यह आपको बालों को फिर से मॉइश्चराइज करके हेयर फॉल की समस्या को दूर करता है।

## डेनिम जैकेट में आपको दिखना है स्टाइलिश, तो फॉलों करें ये टिप्स




बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।

**साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेटः** साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।

**ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेटः** अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेटः** आजकल अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर (फैशन हैक्स) सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो इसके ऊपर भी डेनिम जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए लॉन्ग जैकेट न खरीदें बल्कि आप शॉर्ट जैकेट खरीदकर इसे वियर करें इससे आप और ज्यादा सुंदर लगेंगी। मार्केट में आपको य 200 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इन तरीकों के अलावा आप अन्य तरीके से भी जंपसूट को स्टाइल कर सकती हैं ।इससे आपका लुक सुंदर ही नहीं सबसे अलग नजर आएगा।

## अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स



अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हें जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें।

### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल



'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे।इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं?

ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है।


## कार्नर न्यूज

## चुनौतीपूर्ण करियर है महिलाओं के लिए भी

*आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है। अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं।*



## मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले जरूर जान लें ये बातें



### करनी पड़ती है रिसर्चिंग

एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।

### छुट्टियों का दिन तय नहीं

अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

### लगातार सीखने की जरूरत

कई बार लोग यह सोचते हैं कि अगर वे एक बार मेकअप आर्टिस्ट से जुड़ा कोर्स कर लेंगे तो इसके बाद वे एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट बन जाएंगे। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। कोर्स करने के बाद भी आपको लगातार प्रैक्टिस करते रहने की जरूरत होती है। इतना ही नहीं, ब्यूटी इंडस्ट्री डायनामिक है और इसमें लगातार बदलाव होते रहते हैं। इसलिए, मेकअप आर्टिस्ट बन जाने के बाद भी आपको लगातार सीखते रहने की जरूरत होती है। नए प्रोडक्ट्स से लेकर तकनीकों व लेटेस्ट ट्रेन्ड के बारे में आपको जानने की आवश्यकता हमेशा ही पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**रामानुजगंज।** शासकीय पॉलीटेक्निक में रासेयो द्वारा सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम ने पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की। इस दौरान डा.सीएस नवरिया ने उपस्थित लोगों को सिकेल सेल बीमारी के प्रति जागरूक किया तथा सिकेलसेल के लक्षण एवं इसके कारणों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विवाह के पूर्व लड़के एवं लड़की के खून में सिकेलसेल की मौजूदगी को जानने के लिए जांच कराने की सलाह दी ताकि होने वाले संतान को सिकेल सेल की गंभीर बीमारी एवं मौत से बचाया जा सके।

### जगह की बात को लेकर दुकानदार से मारपीट

**अम्बिकापुर।** फुटपाथ की जगह को बाद को लेकर दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी। गुदरी चौक समीप निवासी मंयक गुप्ता आ.स्व. ओम प्रकाश गुप्ता मकर संक्रांति को लेकर प्रतापपुर चौक समीप फुटपाथ पर तिलकूल का दुकान लगाया है। इसी बीच पड़ोस के दुकानदार जगह की बात को लेकर एक सप्ताह पूर्व विवाद करने लगे जिस पर अन्य दुकानदार ने समझौता कराया। आज पुनः पड़ोस के दुकानदार यश गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता व पप्पू गुप्ता गाली गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

16 करोड़ की लागत से सड़क व नाली को होना है निर्माण

# सड़क के गड्ढों से राहगीर परेशान करदना मार्ग की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

ग्राम करदना सड़क की हालत दयनीय होने से राहगीर परेशान है। हैरानी की बात यह है कि सड़क जर्जर सड़क से लोगों को निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा 16 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है बावजूद इसके सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सकी। हालांकि सड़क बनाने से पूर्व नाली निर्माण करने पर विभाग ने काम बंद करा दिया गया बावजूद इसके सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही और हठधर्मिता का खामियाजा क्षेत्र के लोगों के साथ राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क किनारे नाली नहीं होने से पानी सड़क पर बहने से जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित होने लगा है।

**खास बात**
- आए दिन होती है दुर्घटनाएं

विकासखंड बतौली में लोक निर्माण विभाग द्वारा बतौली थाना चौक से लेकर ग्राम करदना तक 6 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति 16 करोड़ 66 लाख की राशि निर्माण हेतु जारी की गई है। जिसमें तीन किलोमीटर की सड़क डामरीकरण एवं तीन किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण किया जाना है। 16 करोड़ की लागत से बन रही सड़क के साथ सह नाली निर्माण भी किया जाना है। सड़क व नाली निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ और ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण शुरू कर दिया। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से नाली निर्माण कराए जाने की जानकारी लगने पर काम बंद करा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण की स्वीकृति मिले काफी समय हो गया है बावजूद इसके सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में सड़क व नाली निर्माण नहीं होने से सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई। इधर पानी निकासी का कोई साधन नहीं होने से पानी सड़क पर ही बहती है जिससे मार्ग पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गए है।



सड़क पर निर्मित गड्ढे।

### दुर्घटना की संभावना

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बतौली थाना मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। जबकि इस मार्ग पर सहकारी बैंक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, डीएव्ही विद्यालय, आंगनबाड़ी कार्यालय, बीआरसी कार्यालय सहित बतौली बाजार जाने का यह एकमात्र रास्ता है। ऐसे में हर रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। सड़क पर जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जबकि भट्टको धान केंद्र जाने भी किसान भाइयों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

### धूल से क्षेत्रवासी परेशान

सड़क निर्माण हेतु पुरानी सड़क को खोद दिया गया लेकिन महीने भर से सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से उड़ती धूल से क्षेत्र के लोग परेशान है। ठेकेदार द्वारा भी लोगों को धूल से राहत मिले इसके लिए पानी का छिड़काव तक नहीं गई है। ऐसे में धूल से लोगों के स्वास्थ्य में इसका विपरीत असर पड़ने लगा है। बुजुर्ग से लेकर स्कूली बच्चों को धूल के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### समस्या को किया जाएगा दूर

सड़क निर्माण कार्य जल्द ही शुरू की कराई जाएगी। ग्रामीणों की समस्याओं को दूरने करने निर्देशित करता हूं।

-वीके सिंह
ईई लोक निर्माण विभाग



## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत हरी एवं भुलसी पंचायत में केंद्रीय संयुक्त सचिव पद्म लाल नेगी सहित सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा शामिल हुए। मुख्य अतिथि पद्म लाल नेगी व सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा ने ग्रामीणों को बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है जिसके तहत प्रधान मंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना के तहत गरीब परिवारों को गैस उपलब्ध कराना, समूह के माध्यम से बैंक से ऋण, पहाड़ी कोरवा परिवार को जनकल्याणकारी योजनाओ के तहत सुविधा दिलाने सहित अनेकों प्रकार की सुविधाएं धरातल स्थल पर उपलब्ध कराने संबंधित जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस दौरान जन्मजय सिंह, हुमन्त सिंह,एसडीएम तरुण डहरिया , तहसीलदार शशिकांत दुबे , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभिषेक पांडे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव,उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, मो. समीम, अशोक सोनी, जहरूल अंसारी, अर्जुन यादव, राजेश्वर गुप्ता, राजेश्वर यादव, बद्री यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## दूसरे दिन भी हाथियों ने ग्राम कल्याणपुर में मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

37 सदस्यीय हाथियों के दल ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर में लगातार दूसरे दिन भी फसल व मकान का नुकसान पहुंचाते हुए दो भागों में बट गए हैं। 22 सदस्यीय हाथियों का दल अब सरहदी बलरामपुर जिले के जामदोहर में पहुंच गए हैं और शेष हाथी अभी भी कल्याणपुर गांव में ही अपना डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों के रिहायशी क्षेत्र में डेरा जमाए रखने से कड़ाके की ठंड में ग्रामीणों को घर के बाहर ठिठुरते हुए रात गुजारने मजबूर होना पड़ रहा है। सरगुजा व बलरामपुर जिले के सरहद पर ग्राम पंचायत कल्याणपुर में हाथियों का उत्पात दूसरे दिन भी जारी है। यहां हाथियों ने बीती रात जगसाय के आलू फसल, गनपत सिंह गोंड के आलू फसल, नोहरु के एक एकड़ में लगे आलू फसल को नुकसान पहुंचा कर नोहर साय अगरिया के ट्यूबवेल को जमींदोज करने के साथ ही उसके आलू व धान के फसल को नुकसान पहुंचाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के दल ने बीजू चेरवा पिता प्रेम के मकान को भी नुकसान पहुंचाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को तड़के 22 सदस्यीय हाथियों का दल सरहदी बलरामपुर जिले के जामदोहर चले गए हैं और शेष हाथी अभी भी कल्याणपुर गांव में ही अपना डेरा जमा हुए हैं। हाथियों के रिहायशी इलाके में अपना डेरा जमाए रखने से आमजन को इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे मजबूरन रात गुजारने विवश होना पड़ रहा है।उक्त मामले में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी हाथियों के गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।





## कार्यशाला में हरित माइनिंग की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल सीएमडी डॉक्टर प्रेम सागर मिश्रा के मार्गदर्शन में बिश्रामपुर के ऑफिसर क्लब में हरित माइनिंग पर गत दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विकसित भारत के संकल्प का शपथ लेते हुए कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी ने किया।इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के साथ माइनिंग करने की पद्धति पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बिलासपुर चेप्टर के चेयरमैन रमेश कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित जनों को बताया कि हम 21 दिन आगामी 22 जनवरी से 11 फरवरी तक पूरे 21 दिनो तक अभिनव कार्यशाला का आयोजन पूरे एसईसीएल में किया जाना है, जिससे कि उत्पादन उत्पादकता बढ़े साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन प्रयासों को अपनी तरफ से चिन्हित करके अभ्यास करने से ये हमारे दिनचर्या में शामिल हो जाएगा, इससे हरित माइनिंग का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में जीएम अजय तिवारी ने इसे बेहतर प्रयास बताते हुए कहा कि सीएमडी श्री मिश्रा ने अभिनव पहल की है, हमें हरित माइनिंग के लिए अपनी ओर से जो भी विचार अपने पास है उसे अपनाना है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक संचालन डॉ संजय सिंह ने भी सम्बोधित कर हरित माइनिंग को आज आवश्यक बताते हुए कहा कि हम प्रकृति के विरुद्ध जाकर कोयला खनन करते हैं जिससे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है लेकिन ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए कोयला उत्खनन जरूरी है।कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह ने किया।कार्यशाला में सहक्षेत्र प्रबन्धको के अलावा, विभागाध्यक्ष, खान प्रबंधक, खान अभियन्ता अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रासेयो के शिविर में ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कंदरई में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पेन्डरखी में आयोजित सात दिवसीय विषेश शिविर के पांचवे दिन लोंगो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ओपीडी में 203 मरीज ईलाज का किया गया। सिकल सेल का 67 लोगों का परीक्षण किया गया जिसमें 23 ग्रामीण इसमें पाजिटिव पाए गए। 86 लोगों के ब्लडप्रेशर की जांच की गई। इसी तरह 78 लोगों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में 93 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 17 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए, जिन्हें जिला चिकित्सालय सूरजपुर हेतु रेफर किया गया। शिविर में आए सभी मरीजों का चिकित्सकों द्वारा ईलाज कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान करते हुए दवाईयों का वितरण किया। शिविर को सफल बनाने में सूरजपुर बीएमओ डॉ. प्रशांत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, सरपंच पेन्डरखी बागेश्वरी सिंह सहित सेक्टर जयनगर व पीएचसी कन्दरई के डॉ. प्रेम प्रकाश खलखो, डॉ. हिरेंद्र पैकरा, नेत्र सहायक श्याम लाल चौधरी, आरएन प्रजापति, अर्चना विश्वकर्मा, वंदना देवांगन, निर्मल मंडल, रूप कुमारी राजवाड़े, फूलवासो पन्ना, सीमा तिर्की, अमित कुशवाहा, दीनानाथ राजवाड़े, विक्की राजन सहित रासेयो स्वयंसेवक सक्रिय रहे।



### रासेयो शिविर में किया गया ग्रामीणों का उपचार

**रामचंद्रपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिहरपुर में आयोजित शासकीय महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के संयुक्त शिविर में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में डॉ.अभिषेक पंडित, देववीर नेतम, श्रीमती ललिता सिंह की टीम ने स्वंयसेवकों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया एवं उसके कारणों व बचाव के तरीकों के बारे में बताया। इस दौरान डा.भूपेन्द्र कुमार सेन, उदय साहू, हृदयनाथ विश्वकर्मा, अनिल पासवान, मनीष कुमार देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी गुलशन केरकेट्टा, प्रीतम पैकरा उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वन्दना गुप्ता पत्नी शिवप्रसाद गुप्ता निवासी कन्या शिक्षा परिसर के पास नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 519/4 रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदक प्रीति सोनी पत्नी जितेन्द्र सोनी निवासी नवापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 8,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09.02.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-12/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

उ.प्र.क्र.-26/2023
प्रो.न.-04/24

1. पूनम पटेल पत्नी स्व. राजेश पटेल उम्र-33 वर्ष जाति कुर्मी
2. मुसनी पटेल पत्नी स्व. जयनाथ पटेल उम्र-60 वर्ष जाति कुर्मी दोनों निवासी मोहल्ला दर्रीपरा (राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-42)सामुदायिक भवन के पास नगर/तहसील अम्बिकपुर जिला-सरगुजा छ.ग.

-------आवेदिका

-:प्रतिः-

1. लक्ष्य पटेल आ. स्व. राजेश पटेल, उम्र 35 वर्ष जाति कुर्मी अवयस्क द्वारा नैसर्गिक संरक्षक माता श्रीमती मोहनी कश्यप पत्नी संजय कश्यप
2. श्रीमती मोहनी कश्यप पत्नी संजय कश्यप, उम्र 13 वर्ष दोनों निवासी संजय पार्क के सामने (किलकारी हॉस्पिटल के पास) नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.
3. मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा कार्यालय महामाया रोड, नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.
4. मुख्य पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर, पुराना बस स्टेण्ड के पास नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.
3. आम जनता।

-------अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिका अधिनियम।

सर्व साधारण आम जनता निवासी मोहल्ला दर्रीपारा (राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.-42) सामुदायिक भवन के पास नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पति/पुत्र स्व. राजेश पटेल की मृत्यु दिनांक 13.08.2023 को होना बताते हुए स्व. राजेश पटेल के मृत्यु उपरांत मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा कार्यालय महामाया रोड, नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. एवं मुख्य पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर, पुराना बस स्टेण्ड के पास नगर/तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. में जमा राशि को प्राप्त किए जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिकों को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक-22/01/2024 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. राजेश पटेल के मृत्यु उपरांत प्राप्त किए जाने वाले संपूर्ण जमा राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि-22/01/2024 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिकागण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 01.01.2024 को जारी किया गया।

नरेन्द्र कुमार
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
सरगुजा, अम्बिकापुर छ.ग.

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 13.01.2024 से 04.02.2024
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 14.01.2024 रविवार
डॉ.तुषार जैन
MBBS, MD (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर, जे.जे. ग्रुप ऑफ हास्पिटल, मुम्बई)
श्वास, छाती, एलर्जी, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. नरेश देवांगन
MBBS, MS, MCH Neurosurgeon
(Brain & Spine Surgery)
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
- सीने में दर्द
- साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
- अनियमित हृदय गति
- जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द
- बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताला रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी , 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-14 जनवरी, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

## खबर संक्षेप



### श्रीराम के चरणपादुका का दर्शन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अम्बिकापुर।** श्रीलंका के अशोक वाटिका से भगवान श्रीराम के भक्त उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या जा रहे हैं। रविवार को चरणपादुका संभाग मुख्यालय पहुंचने पर राम भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। शहर के अग्रसेन भवन में चरण पादुका के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। यह यात्रा आठ राज्यों से होकर निकाली जा रही है। शहर में पहुंचने पर चरण पादुका शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रीलंका के अशोक वाटिका से अयोध्या तक चरण पादुका शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा राम वन गमन परिपथ के रास्ते से होते हुए मध्यप्रदेश जाएगी तथा श्रीराम के ननिहाल के 300 तीर्थ स्थलों से होते हुए यात्रा मध्यप्रदेश के रास्ते 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी तथा राममंदिर में स्थापित की जाएगी। सोमवार को भी अग्रसेन भवन में सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम की चरण पादुका का दर्शन किया। सुबह 9 बजे यात्रा आगे के लिए रवाना हुई।

### अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण में 24 संकुल के शिक्षक हुए शामिल

**बतौली/ सेदम।** बतौली में विकासखंड स्तरीय अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण बीआरसी महेश ठाकुर के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण में 24 संकुल के एक-एक शिक्ष्ज्ञ और सीएसी शामिल हुए। प्रशिक्षण में बच्चों को निरंतर सीखते रहने के लिए स्कूल के साथ ही घर में भी परिवार के सदस्यों के सहयोग के साथ ही मां का सहयोग मिलेगा। माता के सहयोग से स्थानीय वस्तुओं, खाद्य पदार्थ आलू, गोभी,बैंगन, मटर, टमाटर आदि चीजों से गणितीय संक्रियाओं का ज्ञान आसानी से कराया जा सकता है और भाषा में भी निरंतर सीखते रहने पर भी सहजता से फोकस किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण विकास खंड के सभी शालाओं में संकुल के माध्यम से दिया जाएगा। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर कुमारी वर्षा चौधरी और श्रीमती आशा पैंकरा थीं।

### पुलिसकर्मी की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** नगर में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है कि अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। चोरों ने एक पुलिसकर्मी की बाइक को उसके घर के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम टांगरमहरी निवासी कल्याण सिंह आ. स्व. नंदू सिंह रामानुजगंज थाने में सउनि के पद पर पदस्थ है। 6 जनवरी की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजे 0770 को घर के सामने खड़ा कर सो गया। तड़के 4 बजे उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला से पुलिसकर्मी ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## उपार्जन केन्द्रों में उमड़ रही किसानों की भारी भीड़

# धान खरीदी के लिए मात्र 14 दिन शेष, 31 हजार से अधिक किसान नहीं बेच सके हैं अपनी उपज



उपार्जन केन्द्र में संग्रहित धान।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

**खास बात**

- बचे दिनों में नहीं हो पाएगी पूरी खरीदी

धान खरीदी शुरू हुए 45 दिन गुजर गए हैं लेकिन अभी तक मात्र वमुश्किल आधे किसान ही अपनी उपज बेच पाए हैं। धान खरीदी के लिए अब मात्र 14 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में शेष बचे दिनों में आधे किसानों की उपज खरीदना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। शासन द्वारा समितियों के माध्यम से 1 नवम्बर से धान की खरीदी की जा रही है। सरगुजा में काफी विलम्ब से धान की फसल तैयार होने के कारण नवम्बर मध्य से फसल की कटाई शुरू हुई जिसके कारण दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में समितियों में धान की आवक शुरू हुई। मध्यम दिसम्बर में धान खरीदी में कुछ तेजी आई लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण खरीदी की रफ्तारर धीमी हो गई है। इस दौरान विपरीत मौसम के कारण भी लगातार तीन दिनों तक धान खरीदी ठप रहा। बेमौसम बारिश के कारण लम्बे समय तक धान की कटाई-मिसाई प्रभावित रही। मौसम खुलने के बाद खरीदी की रफ्तार बढ़ी लेकिन शासन द्वारा धान खरदी के लिए निर्धारित 45 दिवस देखते ही देखते निकल गए। इस अवधि में सरगुजा एवं सूरजपुर के 54 फीसदी एवं बलरामपुर के मात्र 49 फीसदी किसान बेच पाए हैं। अब तक धान बेचने वाले किसानों में सरगुजा के 26,839 बलरामपुर के 17,538 एवं सूरजपुर के 28,627 किसान शामिल हैं जबकि सरगुजा में पंजीकृत 58,450 में से 31,619 बलरामपुर के 30,604 एवं सूरजपुर के 31,543 किसान अभी अपनी उपज बेचने का इंतजार कर रहे हैं। शासन द्वारा 31 जनवरी तक धान खरीदने की तिथि निर्धारित की गई है। शनिवार, रविवार एवं 26 जनवरी को अवकाश रहने के कारण धान खरीदी बंद रहेगी। ऐसे में धान खरीदी के लिए मात्र 14 दिवस शेष बचे हैं। शेष बचे दिनों में बाकी बचे किसानों की पूरी उपज खरीद ली जाएगी इसकी संभावना दूर-दूर तक नहीं है। ऐसे में अब धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग उठने लगी हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के आधार पर किसान धान खरीदी तिथि बढ़ने को लेकर आश्वस्त भी हैं लेकिन इस संबन्ध में अभी शासन द्वारा कोई घोषणा नहीं होने के कारण किसनों में ऊहापोह की स्थिति बनी है। निर्धारित अवधि में अपनी उपज बेचने के लिए किसान लगातार समितियों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खरीदी की क्षमता निर्धारित होने के कारण किसान अपनी उपज बेचने में सफल नहीं हो रहे हैं।

### बढ़ाई गई खरीदी क्षमता

सहकारी समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध संसाधन के आधार पर शासन द्वारा हर दिन धान खरीदी करने की क्षमता निर्धारित की गई है। समितियां अपनी क्षमता के अनुसार धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी करती हैं तथा टोकन के आधार पर खरीदी करती है। धान खरीदी के लिए शेष बचे दिवसों को देखते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने समितियों के दैनिक खरीदी क्षमता को बढ़ा दिया है ताकि अधिक से अधिक किसानों की उपज खरीदी जा सके। खरीदी क्षमता में वृद्धि करने के बावजूद स्थिति में बहुत बदलाव नहीं आया है।

#### 14.61 लाख क्विंटल की खरीदी

सरगुजा जिला में अब तक 14 लाख व 61 हजार 761 क्विंटल, बलरामपुर में 9 लाख 98 हजार 679 क्विंटल एवं सूरजपुर जिला में 14 लाख 70 हजार 657 क्विंटल धान खरीदा गया है। शासन द्वारा सरगुजा में 28 लाख 81 हजार 340 क्विंटल, बलरामपुर में 20 लाख 87 हजार 220 क्विंटल एवं सूरजपुर में 32 लाख 3 हजार 650 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन द्वारा प्रति एकड़ 31 क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा से इस बार खरीदी लक्ष्य में काफी वृद्धि होने की संभावना है। पिछले साल उपार्जक केन्द्रों एवं पंजीकृत किसानों की संख्या कम होने के बावजूद इस अवधि में सरगुजा में 16 लाख 89 हजार 463 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी।

#### समितियों में जाम की स्थिति

मार्कफेड द्वारा राइस मिलरों के माध्यम से उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का लगातार उठाव कराया जा रहा है इसके बावजूद उपार्जन केन्द्र पेरला, जजगा, बेलजोरा, मंगारी, ललाती, डूमरपान, सांवारांवा, झुर्रीडीह में बफर लिमिट से अधिक धान बचे होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई है तथा खरीदी में समस्या हो रही है। सरगुजा की विभिन्न समितियों में अभी 21 हजार 911 क्विंटल धान उठाव का इंतजार कर रहा है।

#### बढ़ाई गई है खरीदी क्षमता

शेष बचे दिवसों में सभी किसानों का धान खरीदने के उद्देश्य से समितियों की दैनिक खरीदी क्षमता को बढ़ा दिया गया है। समितियों द्वारा लगातार किसानों का धान खरीदा जा रहा है तथा निर्धारित लक्ष्य हसिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

-पीएस परिहार
विपणन अधिकारी, को-आपरेटिव बैंक



## श्रीराम की चरण पादुका यात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

अयोध्या में श्री रामलला की 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर श्रीलंका की अशोक वाटिका से श्रीराम के चरण चिन्ह पादुका लेकर उसी रास्ते अयोध्या तक यात्रा कर रहे हैं, जिस रास्ते से होकर श्रीराम रावण का वध करने के लिए श्रीलंका तक गए थे।सोमवार को यात्रा के कोयलांचल बिश्रामपुर आगमन पर रामभक्तों ने ढोल नगाड़े, आतिशबाजी के साथ मिठाई बांटकर चरण पादुका के दर्शन करते हुए यात्रा का स्वागत किया।यात्रा के साथ चल रहे योगेश मिश्रा प्रांतीय संयोजक ने बताया कि श्रीराम की वन गमन पथ की यात्रा न केवल भारतवर्ष को एकजुट करने के लिए प्रेरणादायी है बल्कि जाति-पंथ भाषा का भेद मिटाकर युवाओं को रामराज्य को समझने और अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होने की भी प्रेरणा देता है।यात्रा श्रीलंका से 15 दिसंबर से निकली है जो 44 दिनों तक दस हजार किलोमीटर की दूरी तय कर आठ राज्यों से होते हुए 19 जनवरी को अयोध्या में संपन्न होगी।यात्रा कोरबा -अंबिकापुर होते हुए कालीघाट मंदिर, अजब नगर, राधा कृष्ण मंदिर सिलफिली, समलेश्वरी मंदिर केनापारा होते हुए हनुमान मंदिर विश्रामपुर पहुंची,जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा चरण चिन्ह पादुका पर पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया,चरण चिन्ह पादुका की आरती पश्चात यात्रा चित्रकूट के लिए रवाना हो गई। इस अवसर पर राम भक्तों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। श्रीराम तीर्थ क्षेत्र समिति के खंड संयोजक महेश गुप्ता, मंडल संयोजक विष्णु अग्रवाल मयंक गोयल, डॉक्टर पंकज मोदनवाल, राहुल सिंह, धर्म सेना के करण, रवि गुप्ता दुर्गा वाहिनी के रचना सिंह, पूज, सपना, अंजलि, शशि राजवाड़े, बीना वर्मन सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वृद्धा से दुष्कर्म का आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**सीतापुर।** वृद्ध महिला से दुष्कर्म के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में आक्रोश का माहौल है। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है जिसे लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे है।


विदित हो कि मैनपाट के तराई गांव में 60 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। शराब के नशे में धुत गांव के 50 वर्षीय व्यक्ति ने वृद्ध के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी में असफल पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। लोगो ने इस मामले में पुलिस के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है इसके साथ ही आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी एससी राय ने कहा कि फिलहाल आरोपी गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल, उपचार जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**



मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में गंभीर चोट आने पर घायल को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 50 वर्षीय बृजलाल गोंड पिता रामव्रत सिंह सोमवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे बिश्रामपुर तरफ से ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीआर 2328 में अपने घर लौट रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम पंचायत जयनगर में साप्ताहिक बाजार के पास मोड़ पर अंबिकापुर की ओर से बिश्रामपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से बाइक सवार को टक्कर मार दी।दुर्घटना होने पर जयनगर थाना के एएसआई महिपाल सिंह, आरक्षक सोनू सिंह, अविनाश व आसपास लोगों की मदद से तत्काल घायल को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को अंबिकापुर रिफर कर दिया है।



## जिले के 150 ग्रामों व 15 वार्ड के परिवारों को दिया जा रहा निमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज**

22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में श्रीराम के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है जिसके तहत देशव्यापी निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें अयोध्या धाम से आए हुए पूजित अक्षत कलश के माध्यम से प्रत्येक सनातन हिंदू परिवार को अक्षत के माध्यम से निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के आठ मंडल केंद्र रामचंद्रपुर, सनावल, बारवाही, डिंडो, नावाडीह, विजयनगर, बुलगांव एवं बोहला मंडल के माध्यम से 150 ग्रामों तथा रामानुजगंज के 15 वार्ड के प्रमुख मंदिरों नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, दुखहरेश्वर महादेव मंदिर,ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राम मंदिर के माध्यम से प्रत्येक सनातन परिवारों को निमंत्रण दिया जा रहा है जो 1 से 15 जनवरी तक महा अभियान के माध्यम से किया जाएगा। गांव-गांव शहर बस्ती में श्रीराम नाम संकीर्तन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के विभिन्न कार्यक्रम प्रारंभ होकर 22 जनवरी को प्रत्येक मंदिरों में प्रातः 11 से 3 बजे तक श्री राम मंदिर का सीधा प्रसारण किया जाएगा एवं सायं काल महा आरती पश्चात दीपोत्सव किया जाएगा।

## पंचायत सचिव ने स्कूल परिसर में बना लिया घर, प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण



स्कूल परिसर में बनाए गए घर को तोड़ता जेसीबी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज**

स्कूल परिसर में अवैध रूप से स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण कर पंचायत सचिव द्वारा बनाए गए घर को आज प्रशासनिक टीम ने जेसीबी से ढहा कर अतिक्रमण मुक्त कराया।

विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरती खुर्द स्थित प्राथमिक व मीडिल स्कूल परिसर में एक पंचायत सचिव द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर घर बना लिया था। स्कूल की भूमि पर पंचायत सचिव द्वारा घर बनाने का गांव के लोगों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा था। तहसील से अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित होने पर आज तहसीलदार व स्थानीय पुलिस टीम की मौजूदगी में जेसीबी से घर को ढहा कर अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार ने बताया कि लंबे समय से यह प्रकरण तहसील न्यायालय में लंबित था। जिस पर प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की गई है। कब्जादारी व्यक्ति कई वर्षो से अतिक्रमण कर रखा था जिसे कई बार समझाइश देने के बावजूद दिया गया और नोटिस लेने से मना कर देता था। न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत अवैध अतिक्रमण को हटाया कर विद्यालय परिसर को कब्जा मुक्त कराया गया।



## शिक्षक संघ ने किया विधायक का सम्मान

**सीतापुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा विधायक रामकुमार टोप्पो का सम्मान किया गया। स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा माल्यार्पण कर विधायक रामकुमार टोप्पो का स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि गुरुजन द्वारा सम्मानित करना मेरे लिए गर्व का विषय है। गुरुजन का मार्गदर्शन और आर्शीवाद हमेशा से मुझे मिलते आया है। आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके पीछे गुरु जन का अहम योगदान है। गुरु समाज के रचनाकार होते है, सभ्य और सुशिक्षित समाज के निर्माण में गुरु की अहम भूमिका होती है। इसलिए गुरुओं का स्थान समाज में सर्वोपरि होता है। आप सभी को कभी भी मेरी जरूरत पड़े तो आदेश करें मैं हाजिर हो जाऊंगा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक उमेश मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक शरद वर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मैनपाट रजनीश पांडेय, शिक्षक बालगोविंद गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, राजकुमार सिंह समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।






## शिविर में प्रशिक्षार्थियों को दी गई आध्यात्मिक जानकारी

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट, मदनपुर में 2 जनवरी से 6 जनवरी तक आयोजित आध्यात्मिक कक्षा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की विद्या बहन, ममता बहन, पार्वती बहन व माधुरी बहन ने प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस पांच दिवसीय शिविर में अतिथियों ने सकारात्मक अभिवृत्ति की शक्ति, सकारात्मक सोच, अच्छे कर्म, जीवन प्रबंधन, मेडिटेशन के तरीके एवं उसके फायदे से अवगत करा प्रशिक्षार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच, सही कर्म करने एवं भावी जीवन में शांति हासिल करने के लिए प्रेरित किया। आध्यात्मिक कक्षा में बीएड प्रथम एवं द्वतीय के प्रशिक्षार्थी, प्रीति सोनी, सहप्रध्यापक जयमाला सिंह, उपेंद्र कुमार रवि, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, किरण सिंह, अपरजिता केवर्त्व, निशा गुप्ता, कंचन सिंह उपस्थित रही।







